निधि पाण्डे, भा.सू.से.
आयुक्त
Nidhi Pandey, I.I.S.
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
दूरभाष : 91–11–26512579, फैक्स : 91–11–26852680
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016 (India)
Tel. : 91-11-26512579, Fax : 91-11-26852680
E-mail : kvs.commissioner@gmail.com, Website : www.kvsangathan.nic.in

17 जून, 2022

संदेश

एक बार पुनः 21 जून को सकल विश्व 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाने जा रहा है। पूरे विश्व को भारत की ओर से योग एक अनुपम उपहार है। योग एक ऐसी कला है जो हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ती है और हमें दैहिक रूप से मजबूत और आत्मिक रूप से शांतिपूर्ण बनाती है। योग ही एकमात्र ऐसी दवा है जो हमें न केवल शारीरिक रूप से अपितु मानसिक रूप से स्वस्थ रखती है।

गत 8 वर्षों से पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है और योग से होने वाले फायदों को अनुभव कर रहा है। योग के लाभ आज किसी से छिपे नहीं है।

मुझे इस बात की हार्दिक प्रसन्नता है कि योग केंद्रीय विद्यालय संगठन शिक्षा प्रणाली का अभिन्न अंग बन गया है। केंद्रीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को नियमित योग शिक्षा प्रदान की जा रही है। यहां तक कि कोविड जैसी आपात स्थिति में हमारे विद्यार्थियों ने बेहद खूबसूरत ढंग से ऑनलाईन मंचों का सदुपयोग करते हुए योग करना जारी रखा। मेरा विश्वास है कि पहले की भांति इस बार भी हमारे विद्यार्थी और शिक्षकगण 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में पूरे उत्साह के साथ भाग लेंगे।

केंद्रीय विद्यालय संगठन ने 15 जून 2022 से पूरे देश में एक सप्ताह तक चलने वाले योग गतिविधि कार्यक्रम की विस्तृत योजना बनाई है। मैं अपने सभी विद्यार्थियों, कर्मचारियों, अभिभावकों से अपील करती हूँ कि स्वस्थ तन और मन के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और सब मिलकर एक सुखी, स्वस्थ और शांतिपूर्ण विश्व के निर्माण में अपना योगदान दें।

निधि पाण्डे

(निधि पाण्डे)

आज़ादी का अमृत महोत्सव